प्यारा भी बहुत है | By Sheetal Pandey

मिला नहीं वो कभी सामने आया भी नहीं
फिर भी गहरा वो मेरे दिल पे असर रखता है
जब झुका देता हूँ मैं सर उनके सदके में
वो भी आहिस्ता आहिस्ता मेरे काँधे पे सर रखता है

अच्छा भी बहुत है हमें प्यारा भी बहुत है
एक तेरी दुआओं का सहारा भी बहुत है

किसको जीने की तमन्ना है उम्र भर मोहन
दो पल जो तेरे साथ गुज़ारा ही बहुत है

तुम्हारी नज़र का इशारा मिले
ज़माने की मैं हर कसम तोड़ दूँ
तुम्हारे सिवा है सहारा कोई
अभी इस घडी ये वहम तोड़ दूँ
जो रस्ता तेरे दर को जाता नहीं
बढे भूल कर जो कदम मोड़ लूँ
मगर इतने पर भी ना तुम दो सदा
पटक तेरे दर पे सर फोड़ दूँ
मुझे आपके चेहरे का नज़ारा ही बहुत है
एक तेरी दुआओं का सहारा भी बहुत है

ये और बात है के घर मेरा कुछ छोटा है
तेरे रहने के खातिर दिल हमारा ही बहुत है
अच्छा भी बहुत है ....।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ad%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%b9%e0%a5%81%e0%a4%a4-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-sheetal-pandey/